# शाहजहाँपुर पुलिस

## प्रेस नोट, दिनांकः-19.06.24

**थाना खुटार पुलिस द्वारा थाना खुटार क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान 15 हजार का ईनामी वांछित पशु तस्कर गिरोह का सरगना व शातिर लुटेरा बिलाल पुत्र हजरत नूरमे को किया गिरफ्तार।**

थाना खुटार पर पंजीकृत मु0अ0स0 3102024/ धारा 380/411/420 भादवि मे वाँछित चल रहे 15 हजार इनामी बदमाश बिलाल पुत्र हजरत नूर निवासी ग्राम जादमपुर कला थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर हाल पता–ग्राम बरकलीगंज थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर का निवासी है जो थाना स्थानीय का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर संख्या 4/ए है। जिसके विरूद्व थाना व जनपद व गैर जनपद मे चोरी नकबजनी व लूट , भैंस /गाय चोरी के तमाम अभियोग पंजीकृत है। वर्तमन मे यह थाने पर पंजीकृत मु0अ0स0-3102024/ धारा-380/411/420 भादवि मे वाँछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर श्री अशोक कमार मीणा, पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर द्वारा 15,000 रूपये इनाम घोषित किया गया था।

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के कुशल निर्देशन मे श्री मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्री पंकज पंत क्षेत्राधिकारी पुवायां के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष खुटार को उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। आदेश के अनुपालन मे थानाध्यक्ष खुटार द्वारा आज दिनांक 19.06.2024 को थाना हाजा से मय फोर्स मय सरकारी वाहन के रवाना होकर गश्त देखरेख शान्ति व्यवस्था डियूटी तलाश वांछित अभियुक्त मे मामूर होकर रामपुर कला गये तो मुखबिर खास द्वारा सूचना दी कि दो बदमाश जो इनामी व लूटेरे है जो ग्राम टाह खुर्द कला किसी से मिलने गये है कुछ देर बाद पुनः ग्राम चमराबोझी मोड से वापस पुवाया जायेगें। वह बहुत खतरनाक व शातिर किस्म के अपराधी है जिनके पास नाजायज शस्त्र भी रहते है जिनसे सतर्क रहने की आवश्यक्ता है। मुखबिर की इस बात पर विश्वास कर बताये हुये स्थान को चल दिये नावक्त होने के कारण रास्ते मे कोई गवाहन फराहम नही मिला बामुश्किल पुलिस टीम द्वारा एक दूसरे की जामा तलाशी ले देकर यकीन किया कि सूचना से सम्बन्धित कोई वस्तु हम पुलिस वालो के पास नही है। चमराबोझी मोड पर आकर आने जाने वालो वाहनो औऱ व्यक्तियो की चैकिग करने लगे तभी चमराबोई की तरफ एक मोटरसाईकिल आती दिखायी दी। वाहनो की आने जाने वाली रोशनी मे देखकर मुखबिर खास ने बताया कि यह वही शातिर बदमाश है जिनके बारे मे मैनें आपको बताया औऱ मुखबिर चला गया। तब हम पुलिस वालो ने संभलते हुए रोड पर आकर मोटरसाईकिल रोकने का प्रयास किया तो नजदीक आकर मोटरसाईकिल के पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नियत से तमन्चे से फायर कर दिया तब पुलिस टीम द्वारा अपने को बचाया तभी मोटरसाईकिल सवार ने एकदम मोटरसाईकिल को तेजी से पुवाया की तरफ मोडकर भागने लगे कि तभी थाना पुलिस टीम द्वारा सरकारी जीप से पीछा कर जरिये दूरभाष/आर टी सैट के माध्यम से प्रभारी निरीक्षक पुवायां को उपरोक्त घटना से अवगत कराते हुए बदमाशो का हुलिया व मोटरसाईकिल के सम्बन्ध मे अवगत कराते हुए घेराबन्दी करने को कहा तो प्रभारी निरीक्षक पुवायां द्वारा बताया कि मैं मय फोर्स के हसनापुर मोड पर हूँ और यहीँ पर घेराबन्दी कर रहा हूँ आप बदमाशो का पीछा करते हुए आइये। हम लोगो पीछा करते हुए ग्राम गंगसरा गाँव मे घुसे तो सामने गश्त कर रही पुलिस को देखकर एकदम मोटरसाईकिल औरंगाबाद रोड से मोड की तरफ तेजी से मोटरसाईकिल भागने लगे पुलिस वालो को पीछा देखकर सराफी फार्म के पास दाहिनी तरफ कच्चे मार्ग पर मोड दिया बदमाशो के कच्चे मार्ग पर भागने के सम्बन्ध मे पुनः प्रभारी निरीक्षक पुवायां को अवगत कराया गया जो उपरोक्त कच्चे मार्ग पर बरौना जंगल की तरफ से आ रहे थे सामने से व पीछे से पुलिस की गाडी आता देखकर उक्त बदमाशो की बरौना जंगल तिराहे पर बाइक हडबडाकर गिर गयी। औऱ बदमाश मोटरसाईकिल छोडकर जंगल की तरफ भागे तब थानाध्यक्ष खुटार मय हमराही पुलिस फोर्स व प्रभारी निरीक्षक पुवाया मय हमराही के गाडियो से उतरकर घेराबन्दी की तो बदमाशो ने अपने आप को घेरता तथा पकडे जाने के डर से उसमे से एक

बदमाश ने पेड की आड लगाकर पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे थानाध्यक्ष खुटार व हमराही पुलिस बाल बाल बच गये। तब पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में थानाध्यक्ष खुटार द्वारा सरकारी पिस्टल से दो राउण्ड एवं प्रभारी निरीक्षक पुवाया जनपद शाहजहाँपुर द्वारा अपनी सरकारी पिस्टल से दो राउण्ड व उ0नि0 आरिफ मोहम्मद व उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार द्वारा अपनी अपनी सरकारी पिस्टल से एक एक राउण्ड फायर किया गया तभी उनमे से एक बदमाश जमीन पर गिरकर जोर जोर से कराहने लगा और कह रहा मुझे मत मारो तो हम पुलिस पार्टी हिकमत अली से चारो तरफ से घेरकर टार्च की रोशनी मे देखा तो बदमाश के दाहिने हाथ मे एक अदद तमन्चा दिखायी दिया जिसे आत्मसमर्पण हेतु हाथ उठाने के लिए कहा गया तो बदमाश ने आत्मसमर्पण करते हुए तमन्चा जमीन पर ऱखकर अपने दोनो खाली हाथ खडे कर दिये हम पुलिस पार्टी बदमाश के करीब जाकर देखा तो उसने दाहिने पैर के घुटने के नीचे पीछे पिण्डली के पिछले हिस्से से खून निकल रहा है बदमाश ने अपने हाथ से खून बहने के स्थान को पकड लिया जिसे समय लगभग 03.00 बजे हिरासत पुलिस मे लेकर नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम बिलाल पुत्र हजरत नूर निवासी ग्राम जादमपुर कला थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर हाल पता – ग्राम बरकलीगंज थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर बताया मौके से एक बदमाश जंगल व अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया जिसका पीछा आरिफ मौहम्मद व आरक्षी 1859 प्रेमपाल सिह, का0 2547 अंकित तोमर ने पीछा किया किन्तु हाथ नही आया। तब भागे हुये बदमाश का नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्त बिलाल उक्त से पूछा तो उसका नाम जावेद उर्फ कल्लू बताया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमन्चा 315 बोर जिसमे नाल खोलकर चैक किया गया तो उसमे से एक अदद खोका कारतूस चैम्बर मे फसा है पास मे ही दो जिन्दा कारतूस 315 बोर के पडे थे तथा कुछ दूरी पर एक अदद मोटरसाईकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस पडी थी। जिसके नजदीक जाकर देखा तो उसका रजिस्ट्रेशन नम्बर नही था उसका चैसिस नम्बर देखा तो चैसिस नम्बर 02K20F04814 इससे आगे का घिसा हुआ है। जो पढने मे नही आ रहा है। मानवीय दृष्टिकोण को दृष्टिगत रखते हुए घायल अभियुक्त को घायल अवस्था मे तत्काल सीएचसी पुवायां भिजवाया गया अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0स0-329/2024 धारा-307 भादवि /3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर तथा मोटरसाईकिल उक्त को अन्तर्गत धारा-207 एमवी एक्ट मे सीज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्त –**

बिलाल पुत्र हजरत नूर निवासी ग्राम जादमपुर कला थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर हाल पता – ग्राम बरकलीगंज थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर

**बरामदगी -**

1-एक अदद तमन्चा 315 बोर जिसकी नाल मे फसा हुआ एक अदद खोका कारतूस

2- दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

3- एक अदद मोटरसाकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट रंग काला।

**आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 642/04 धारा 459 भादवि थाना मैलानी जनपद खीरी
2. मु0अ0सं0 6/05 धारा 395/397/412 भादवि थाना सेहरामऊ उत्तरी पीलीभीत
3. मु0अ0सं0 09/05 धारा 395/412 भादवि थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत
4. मु0अ0सं0 33/05 धारा 398/401 भादवि थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत
5. मु0अ0सं 543/04 धारा 380/457 भादवि थाना भीरा जनपद खीरी
6. मु0अ0सं0 1042/04 धारा 459 भादवि थाना मैलानी जनपद खीरी
7. मु0अ0सं0 135/18 धारा 307 भादवि थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
8. मु0अ0सं0 0224/2016 धारा 379/411 भादवि थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
9.मु0अ0सं0 2549/2017 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
10. मु0अ0सं0 329/2024 धारा 307 भादवि 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर

**हिरासत में लेने वाली टीम का विवरणः -**

**प्रथम टीम**

1. थानाध्यक्ष संजय कुमार थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 आरिफ मौहम्मद थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
5. का0 1859 प्रेमपाल सिह, थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
6. का0 1893 पुष्पेन्द्र सिह थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
7. का0 2146 फिरोज हसन थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
8. का0 2805 भानू प्रताप सिह , थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
9. का0 2547 अंकित तोमर, थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
10. का0 94 हरिओम सिह, थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर

**द्वितीय टीम**

1-प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

2-उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

3-का0 2711 संन्दीप कुमार थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

4-का0 1873 मनीष देशवाल थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

5-का0 2057 रोहित चौहान थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

6-का0 1870 बिजेन्द्र सिह थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।